RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 18 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 176 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र/ अजित पवार के खिलाफ पूर्व IPS अधिकारी के दावे पर देवेंद्र फडणवीस का बड़ा बयान...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूर्व आईपीएस अधिकारी मीरा बोरवणकर द्वारा अपनी किताब में पुणे के एक भूखंड के बारे में उनके कैबिनेट सहयोगी और एनसीपी नेता अजित पवार के खिलाफ किए गए सनसनीखेज दावे के बारे में कोई जानकारी नहीं है. राज्य के गृह विभाग की भी जिम्मेदारी संभाल रहे फडणवीस ने नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने बोरवणकर की किताब ह्यमैडम कमिश्नरह्व नहीं पढ़ी है. पुणे में एक प्रमुख जगह पर स्थित भूखंड के बारे में बोरवणकर के दावे को लेकर पूछे गये सवाल पर फडणवीस ने कहा, ''मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है. मैंने किताब नहीं पढ़ी है.''

किताब के अनुसार, पुलिस अधिकारी ने ऐसा करने से मना कर दिया और कहा कि पुलिस विभाग के लिए नये कार्यालयों और आवासीय भवनों के निर्माण के लिए इस जमीन का उपयोग किया जाएगा.

## कौन थीं बोरवणकर?

**बोरवणकर 2010 से 2012 तक पुणे की पुलिस आयुक्त थीं. उन्होंने अपनी किताब में दावा किया है कि 2010 में तत्कालीन ह्यजिला मंत्रीह्व ने इस बात पर जोर दिया था कि वह पुणे में पुलिस विभाग के नीलाम किये गये एक भूखंड को ज्यादा बोली लगाने वाले को सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू करें. बोली लगाने वाले को बाद में सीबीआई ने 2जी घोटाले में आरोपी बताया था.**

## क्या बोले फडणवीस?

**पवार गत दो जुलाई को वर्तमान भाजपा-शिवसेना सरकार में उप मुख्यमंत्री के रूप में शामिल हुए. मादक पदार्थ मामलों के आरोपी ललित पाटिल के इस महीने की शुरूआत में पुणे के सरकारी ससून अस्पताल में उपचार के दौरान हिरासत से भाग जाने के बारे में पूछे गये सवाल पर फडणवीस ने कहा कि उसे जल्द पकड़ लिया जाएगा. इससे पहले आज दिन में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार (कांग्रेस) ने यहां मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे कई लोग पाटिल को भगाने और उसके मादक पदार्थ गिरोह में संलिप्त रहे हैं. गत 30 सितंबर को, पुणे पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने ससून अस्पताल के बाहर से 2 करोड़ रुपये मूल्य के दो किलोग्राम मेफेड्रोन के साथ सुभाष मंडल नामक व्यक्ति को पकड़ा था. मंडल ने पुलिस को बताया था कि उसे अस्पताल की कैंटीन के एक कर्मचारी रऊफ शेख के माध्यम से पाटिल से यह नशीला पदार्थ मिला था.**

## महायुति में सीट बंटवारे पर पेंच फंसना तय

# शिंदे ने 22 लोकसभा सीटों पर ठोका दावा...

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने सरकारी आवास वर्षा पर सोमवार को सांसदों के साथ बैठक की। इस बैठक में शिंदे गुट के सभी सांसद उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सभी सांसदों ने पिछले लोकसभा चुनाव में जीती हुई 18 सीट और हारी हुई सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। शिंदे ने अपने सभी 13 सांसदों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं शिंदे अपने हर मंत्रियों को दो से तीन जिलों की जिम्मेदारी भी देंगे। बैठक के बाद सांसद राहुल शेवाले ने कहा है कि हमने सभी 22 सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।



### अजित पवार ने कहा हम गठबंधन धर्म जानते हैं

वहीं इस पर अजित पवार ने कहा कि गठबंधन का क्या धर्म होता है, एनसीपी अच्छी तरह से जानती है। हम आगामी चुनाव कितनी सीटों पर लड़ेंगे यह समय से तय कर लिया जाएगा। एनडीए के सभी दल एक साथ बैठककर इस पर निर्णय लेंगे। हमारा मकसद एनडीए के सभी उम्मीदवारों को जितवाना होगा।

### शिंदे के दावे पर महाविकास आघाडी ने चुटकी

शिंदे के दावे पर महाविकास आघाडी ने चुटकी ली है। तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग अभी से मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। चाहे 22 सीट मांगें या फिर 50 सीट, चुनकर 5 भी नहीं आएंगे। अगर शिंदे अपनी सेना के लिए 22 सीट मांगेंगे तो भाजपा और अजित पवार की एनसीपी का क्या होगा ? 2019 का लोकसभा चुनाव शिवसेना और भाजपा ने साथ मिलकर लड़ा था, जिसमें 22 सीट शिवसेना के कोटे में गई थी। 25 सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। शिवसेना ने 23 में 18 सीटें जीती थी। लेकिन इस बार महाराष्ट्र की सियासी तस्वीर काफी बदल गई है। शिवसेना और एनसीपी दो गुटों में बंट चुकी है।

## शिंदे का दावे पर बीजेपी ने क्या कहा

**शिवसेना के दावे पर भाजपा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महायुति महाविजय की तैयारी कर रही है। सीट बंटवारे की बात करें तो कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा उस पर अंतिम निर्णय केंद्रीय पार्लियामेंट्री बोर्ड लेगा। उम्मीदवार गठबंधन के किसी भी दल का हो भाजपा उसे 51 फीसदी मतों के साथ जिताने का काम करेगी और हमारा लक्ष्य लोकसभा के 48 सीटों में से 45 सीट जीतने का है।**

# बोरीवली में क्रूरता, डॉग्स को खाना खिलाने वाली महिला को पीटा... मामला दर्ज




**मुंबई :** अक्सर ऐसी कई घटनाएं सामने आती है जिसमें आवारा कुत्तों के प्रति प्रेम और उन्हें खाना खिलाने के गुस्से के कारण पशु प्रेमी की पिटाई की जाती हैं। इसी बीच बोरीवली के योगीनगर में भी ऐसी ही घटना घटी है। जी हां यहां कुत्ता पालने वाली महिला से मारपीट की गई और अब इस मामले में अमन बनसोडे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आइए जानते है पूरा मामला क्या है। मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़ित महिला आवारा कुत्तों की देखभाल करती है। यह उन्हें खाना खिलाने का काम करती है। गुस्से में आकर अमन बनसोडे ने महिला को उसके माता-पिता के सामने ही पीट दिया। जैसा की हमने आपको बताया घटना बोरीवली के योगी नगर की है। इसके बाद महिला ने थाने में मामला दर्ज कराया है। एमएचबी पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके कारण होने वाले उपद्रव के कारण बहुत से लोग इन कुत्तों से डरते हैं। इसके अलावा रात में इन कुत्तों के हमले भी बढ़ गए हैं।

# जेल में बंद मुंबई का 'सीरियल रेपिस्ट' डॉक्टर तीसरे बलात्कार मामले में आरोपी

**मुंबई :** मलाड पश्चिम में मालवणी के एक डॉक्टर पर तीन सप्ताह में कथित तीसरा बलात्कार का केस दर्ज किया गया है। ह्यसीरियल रेपह्व में आरोपी डॉ. योगेश भानुशाली है। डॉक्टर को 27 सितंबर और 3 अक्टूबर को अपराध के लिए दो मामले दर्ज होने और 15 अक्टूबर को तीसरा मामला दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने कहा कि मालवणी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चिमाजी अधव ने कहा कि आरोपी वर्तमान में पहले के दो मामलों में न्यायिक हिरासत में है, जो 18 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगी। अब उसे तीसरे मामले में गिरफ्तार किया जाएगा।



डॉक्टर ने सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं को शादी के वादे के साथ रिश्ते में फंसाने और फिर उन्हें अपने परिवार के अन्य सदस्यों से मिलने के लिए अपने घर में आमंत्रित करने की एक पद्धति का पालन किया, जो एक शानदार लाइफ स्टाइल जीते थे। बाद में, वह कथित तौर पर महिला को ऊपर अपने निजी कमरे में ले जाता था और फिर उसे पब में जाने के लिए हेयर स्टाइल और कपड़े बदलने के लिए मनाता था। वह महिला के साथ जबरदस्ती करता था और यहां तक कि उसे निजी अंगों पर टैटू बनवाने के लिए भी उकसाता था। वह कुछ समय तक संबंध जारी रखता था। उनकी अंतरंग तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर उनसे पैसे और आभूषण लेता था, फिर उन्हें छोड़कर अगले शिकार के पीछे लग जाता था।

जब पीड़ितों में से एक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, तो उसका परिवार उसके बचाव में आया और मामला वापस लेने की धमकी दी, और उसने कथित तौर पर अब तक एक पीड़िता से 5 लाख रुपये से अधिक की उगाही की है। पीड़ितों में एक नर्स, एक कॉल सेंटर कर्मचारी शामिल हैं। डॉक्टर ने विभिन्न अवसरों पर उन्हें लालच दिया, यौन उत्पीड़न किया गया और पैसों की धोखाधड़ी की।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बेकाबू न हों हालात...

हमास के आतंकी हमले के बाद इस्राइल ने बाकायदा जंग का एलान कर दिया है और गाजा पर जल, थल, वायु- तीनों रास्तों से भीषण हमले की तैयारी कर रहा है। हालांकि, जवाबी कार्रवाई तो उसने हमले के दिन से ही शुरू कर दी थी। इस बीच अंतरराष्ट्रीय हलकों में इस्राइली हमले के संभावित नतीजों को लेकर चिंता की लकीरें गहरी होती दिखने लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने हमास और इस्राइल दोनों के नाम अपीलें जारी की हैं। उन्होंने हमास से कहा है कि वह सभी बंधकों को फौरन बिना शर्त रिहा कर दे और इस्राइल से अनुरोध किया है कि वह गाजा पट्टी तक मानवीय सहायता की अबाधित पहुंच सुनिश्चित करे। उनकी अपीलों का कितना असर होता है, यह देखना बाकी है लेकिन सबकी असल चिंता इस्राइल की संभावित कार्रवाई को लेकर है। ध्यान रहे, आतंकी हमला होने के बाद लगभग पूरी दुनिया ने हमास के कृत्य की निंदा की थी और आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में एक स्वर से इस्राइल को समर्थन दिया था। लेकिन इस्राइल जिस तरह के कदमों की तैयारी कर रहा है, उसमें आशंका है कि हमास और आम फलस्तीनी आबादी का फर्क कहीं मिट न जाए। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी के ट्वीट के जरिए आतंकवाद के सवाल पर इस्राइल को पूरा समर्थन देने के बाद जब विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया जताई तो उसमें एक स्वतंत्र और संप्रभु फलस्तीन बनाने की दिशा में बातचीत की भी जरूरत बताई गई।

यही नहीं आतंकी हमले के बाद से ही इस्राइल की जवाबी कार्रवाई को उसका अधिकार बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के स्वर भी कुछ बदले दिख रहे हैं। उन्होंने जहां यह भरोसा जताया है कि इस्राइल युद्ध संबंधी नियमों का पालन करेगा वहीं यह चेतावनी भी दी है कि गाजा पर इस्राइल का दोबारा कब्जा हुआ तो वह बड़ी भूल होगी। साफ है कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी की ओर से परोक्ष तौर पर ही सही लेकिन इस्राइल के लिए लक्ष्मण रेखा खींची जा रही है। यह जरूरी इसलिए भी है कि कार्रवाई एक बार शुरू हो गई तो वह कितना लंबा चलेगी और उसमें किसका कितना नुकसान होगा इस बारे में अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। इससे भी बड़ी बात यह कि इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सबसे बड़ा डर है कि इसका असर अन्य क्षेत्रों में न फैले। फिलहाल अमेरिका समेत तमाम ताकतें कोशिश कर रही हैं कि इसमें किसी और प्लेयर की एंट्री न हो। लेकिन आम फलस्तीनियों के जान-माल का बड़ा नुकसान पूरे खाड़ी क्षेत्र के लोगों को उद्वेलित कर सकता है जिसके बाद हालात को काबू में रखना ज्यादा से ज्यादा मुश्किल होता जाएगा। बहरहाल, अभी तो सब कुछ इसी बात पर निर्भर करता है कि इस्राइली नेतृत्व इस कठिन समय में कितनी समझदारी दिखाता है। उम्मीद की जाए कि वह दुनिया के सामूहिक विवेक को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ेगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# एमपूर्व सहायक आयुक्त अलका सासाने भूमाफियाओं पर दिखा रही मेहरबानी

## गौतमनगर पार्ट 4 सोनापुर रोड़ में बीएमसी गार्डन को पत्रा लगाकर बड़ी जगह पर किया कब्जा...



**मुंबई** : मुंबई एमपूर्व विभाग में इन दिनों भूमाफियाओं के अच्छे दिन चल रहे है। गौरतलब हो कि एमपूर्व के भ्रष्ट वरिष्ट अधिकारियों द्वारा भूमाफियाओं पर मेहरबानी दिखाने में लगे। कुछ ऐसा ही नजारा आपको गौतमनगर पार्ट 4 में सोना पुर रोड़ पर स्थित हुंदई सर्विस सेंटर कंपनी के ठीक सामने मनपा का गार्डन एक बड़े भूभाग के गार्डन में स्थानीय भूमाफिया लकड़े वाले ने कब्जा किया हुआ है। कहा जाता है की प्रशासनिक विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों को हर महीने हफ्ता के तौर पर मोटी रकम पहुंचाता है। उल्लेखनीय तौर पर स्थानीय समाजसेवक शरीफ कुरैशी के अनुसार बच्चों के खेलने के गार्डन में जिस प्रकार से पत्रा ठोंकर सरकारी जगह पर कब्जा किया है।उससे भविष्य में पूरे गार्डन पर खतरा मंडारने लगा है। इसमें कहा जाता है की गार्डन ... रख रखाव सहित गार्डन में फैली दुर्व्यवस्था को देखकर गार्डन विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। समाजसेवक शरीफ कुरेशी ने शिकायत पत्र के माध्यम से एमपुर्व की सहायक आयुक्त अलका सासने, एमपूर्व/पश्चिम मनपा उपायुक्त जोन पांच हर्षद काले से अपील की है की बच्चो के खेल का गार्डन भूमाफियाओं के जबड़े से छुड़ाकर आम जनता के लिए सुविधा किया जाय,अन्यथा सड़कों पर उतरकर स्थानीय जनता के साथ मिलकर त्रीव आंदोलन एमपूर्व वार्ड का घेराव कर के करेंगे।

## शफाकत खान राकांपा अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव बने...



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी** : भिवंडी के राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता शफाकत खान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं, जिन्हें पार्टी सुप्रीमो शरद पवार के मार्गदर्शन में राज्य में अल्पसंख्यकों की समस्याओं को हल करने और उन्हें पार्टी से जोड़ने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकांपा प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल, राकांपा के राष्ट्रीय महासचिव ,पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक डा जितेंद्र अव्हाड की सिफारिश पर अल्पसंख्यक विभाग का महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव बनाया गया है। बता दें की शफाकत खान इससे पहले समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह युथ ब्रिगेड के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी की सदस्यता छोड़कर राकांपा का दामन थाम लिया है।

शफाकत खान ने कहा कि डा अव्हाड के कामों से प्रभावित होकर राकांपा में प्रवेश किया है। डा आव्हाड अल्पसंख्यकों के लिए लड़ते और उनके लिए आवाज उठाते हैं, उनके लिए काम करते देखा है। इस समय महाराष्ट्र में मुझे लगता है कि वही अल्पसंख्यकों के लिए आवाज उठाने और काम करने वाले नेता हैं। खासतौर पर अल्पसंख्य समाज के लिए वह बड़ी ही बे बाकी से आवाज उठाते है इसलिए बहुत विचार-विमर्श के बाद मैंने समस्याओं के समाधान और विशेषकर अल्पसंख्यक क्षेत्र की शिक्षा, विकास और कल्याण के लिए इस पार्टी में शामिल हुआ हूं। शफाकत खान ने पार्टी में शामिल होते ही धर्मगुरु मौलाना सैयद मोइनुद्दीन अशरफ (मोइन मियां) अध्यक्ष ऑल इण्डिया सुन्नी जामियातुल उलेमा से मुंबई स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की और उनसे दुआ ली। इस अवसर पर आमदार डा जितेन्द्र आव्हाड भी मौजूद थे।

## भिवंडी शहर में 50 वर्षो से हो रही इकलौती रामलीला का धूमधाम से शुभारंभ



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी** : भिवंडी शहर के अंदर श्री आदर्श रामलीला मंडल की तरफ से इस साल 50 वें वर्ष की रामलीला मंचन का भव्य शुभारंभ नवरात्रि के पहले दिन शहर के मानसरोवर रहवासी इलाके में किया गया। स्थानीय भवन निमार्ता विनय गुप्ता ने नारियल तोड़कर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंडल के संस्थापक बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण गुप्ता, अध्यक्ष एसपी सिंह, उपाध्यक्ष धुन्नूलाल गुप्ता, अनिल सिंह सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब हो कि भिवंडी शहर में पिछले 50 साल पहले श्री आदर्श रामलीला मंडल की स्थापना 1973 में कल्याण रोड स्थित शास्त्री नगर में सेठ लक्ष्मी नारायण गुप्ता द्वारा की गई थी। उस समय से केवल कोरोना कल को छोड़कर लगातार 50 वर्षों से यह रामलीला का सफल आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष भी नवरात्रि के प्रथम दिन से शुरू होकर यह रामलीला काशी( बनारस) के प्रसिद्ध रामलीला के कलाकारों द्वारा दस दिन तक किया जायेगा। पवित्र रामलीला देखने के लिए काफी भीड़ जमा होती है, मंडल के पदाधिकारी और स्वयंसेवकों द्वारा अच्छी व्यवस्था की जाती है। आदर्श रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष धुन्नूलाल लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि दशहरा के दिन शाम को विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रामलीला मंडल के अध्यक्ष एसपी सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वह अपने परिवार के साथ विशेष कर बच्चों को लेकर रामलीला देखने जरूर आए और बच्चों में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों से उन्हें परिचित कराएं।उक्त रामलीला कमेटी में 10 दिन के अंदर शहर के गणमान्य नागरिक अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर भगवान राम सीता लक्ष्मण के दर्शन कर पुण्य का लाभ प्राप्त करते हैं।




# FDA ने पिछले दो महीनों में 137 होटलों को सुधार नोटिस भेजे, 15 भोजनालयों को काम बंद करने का नोटिस

**मुंबई:** खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने पिछले दो महीनों में 137 होटलों या रेस्तरांओं को सुधार नोटिस भेजे हैं। एफडीए द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान बड़ी खामियां पाए जाने के बाद इनमें से 15 होटलों को नोटिस भेजकर अपना काम बंद करने को कहा गया है। इसके अलावा, इसने विभिन्न मानदंडों के उल्लंघन के लिए ₹1,70,000 का जुमार्ना भी वसूला है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिन होटलों को सुधार नोटिस दिया गया है, उन्हें अपने भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है, अन्यथा उन्हें अपना परिचालन बंद करने के लिए कहा जाएगा।

"जब से हमें पता चला है कि रेस्तरां या भोजनालय खाद्य सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन कर रहे हैं, हम पूरे मुंबई में औचक छापेमारी कर रहे हैं। इसका संज्ञान लेते हुए हमने रोक या सुधार नोटिस देना शुरू कर दिया, "शैलेश अधव, संयुक्त आयुक्त, खाद्य, एफडीए ने कहा। अधव ने आगे कहा कि उन्होंने दो महीनों में शहर भर में 152 भोजनालयों में औचक छापेमारी की है। इनमें से 131 को सुधार नोटिस दिया गया, जबकि 15 को काम बंद



करने या बंद करने को कहा गया।

"निरीक्षण के समय हमने देखा कि मुंबई के अधिकांश रेस्तरां या भोजनालयों में साफ-सफाई का अभाव है; गंदे रसोईघर, खुले कूड़ेदान, बासी भोजन आदि हैं। इसके अलावा कर्मचारी टोपी और दस्ताने के बिना काम करते हैं जो एफडीए मानदंडों के खिलाफ है, "अधव ने कहा। अधाओ ने आगे कहा कि जिन 15 होटलों को काम बंद करने के लिए कहा गया है, वे हाई-एंड होटल हैं, जिनमें से नौ को इस महीने की शुरूआत में बंद कर दिया गया था। इसमें कू कू बाय ओबेरॉय, बीकेसी के जियो वर्ल्ड ड्राइव में फ्रांसीसी शैली की पेस्ट्री, माटुंगा में केले का पत्ता, कांदिवली पश्चिम में न्यूयॉर्क बुरिटो और अंधेरी पूर्व में होटल हाईवे इन शामिल हैं।

उन्होंने कहा, "ज्यादातर रेस्तरां में कीट नियंत्रण रिकॉर्ड, मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र और ऑडिटिंग रिकॉर्ड को अद्यतन न करने से संबंधित कुछ उल्लंघन देखे गए हैं।" यह सितंबर में शहर के प्रसिद्ध भोजनालय बडेमिया के तीन आउटलेट्स को एफडीए के काम रोकने के नोटिस के बाद आया है। यह पाया गया कि खाद्य दुकानें बिना खाद्य लाइसेंस के चल रही थीं।

इससे पहले, एक बैंक अधिकारी अनुराग सिंह ने पापा पंचो दा ढाबा में अपनी डिश में मरा हुआ चूहा पाए जाने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के कारण रेस्तरां के प्रबंधक और दो रसोइयों को गिरफ्तार कर लिया गया। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक (एफएसओ) यह जांचने के लिए शहर में रेस्तरां और भोजनालयों का दौरा करना जारी रखेंगे कि वे खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के नियमों का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं। "हमारे पास केवल 13 एफएसओ हैं, और शहर में 18,481 पंजीकृत भोजनालय हैं।" एक अधिकारी ने कहा।

# अपने माता-पिता की अच्छी देखभाल करें अन्यथा सरकारी रजिस्ट्री उत्तराधिकारियों को दर्ज नहीं करेगी



**महाराष्ट्र :** 'रत्नागिरी जिले में उमरथ ग्राम पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित किया कि यदि बच्चे अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं और अपनी जिम्मेदारी से इनकार करते हैं, तो उत्तराधिकारियों को ग्राम पंचायत में पंजीकृत नहीं किया जाएगा। यह निर्णय घटस्थापना के दिन सरपंच जनार्दन अम्बेकर की अध्यक्षता में 115 ग्रामीणों की उपस्थिति में लिया गया. बच्चे अपने माता-पिता का ख्याल नहीं रखते. दवा लेने में हेलसैंड. यदि ऐसे बच्चों के बारे में उनके माता-पिता, रिश्तेदारों, पड़ोसियों से शिकायत मिलती है जो अपने माता-पिता से नहीं पूछते हैं, पैसे नहीं भेजते हैं, उन्हें वृद्धाश्रम भेज देते हैं, तो ग्राम पंचायत उनके बच्चों का नाम आने पर ऐसा रिकॉर्ड दर्ज नहीं करेगी। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि बुजुर्ग माता-पिता की स्वअर्जित संपत्ति या संपत्ति उत्तराधिकारी के रूप में.

**विदेशियों को जमीन न बेचें**

एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव यह पारित किया गया कि पुश्तैनी जमीनें केवल पैसे के भूखे विदेशियों को नहीं बेची जानी चाहिए यदि कोई तत्काल आवश्यकता न हो। यह भी सलाह दी गई कि अगर कोई प्लॉट बेचना चाहता है तो उसे अपने प्लॉट से 10 फीट की चौड़ाई छोड़नी चाहिए ताकि अन्य ग्रामीणों के लिए उस पर कब्जा करना आसान हो सके।

# भिवंडी क्राइम ब्रांच दो देशी कट्टा व चार जिंदा कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी क्राइम ब्रांच यूनिट 2 ने एक ऐसे संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से पुलिस ने कुल 52 हजार मूल्य का दो देशी कट्टा व चार जिंदा कारतूस बरामद किया है । पुलिस को आशंका है की ये युवक किसी घटना को अंजाम देना चाहता था जिसकी जांच की जा रही है।



इस संदर्भ में सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार ने पत्रकारों को बताया कि क्राइम ब्रांच पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी की हत्यार से लेस एक युवक भिवंडी के फातिमा नगर इलाके में आने वाला है उसके बाद भिवंडी क्राइम ब्रांच यूनिट 2 के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक सचिन गायकवाड के मार्गदर्शन में एपीआई विजय मोरे, एपीआई प्रफुल्ल जाधव, एपीआई धनराज केदार, पुलिस उपनिरीक्षक राजेंद्र चौधरी, पुलिस उपनिरीक्षक रामचंद्र जाधव और उनकी टीम ने फातिमा नगर इलाके के कोहिनूर बेकरी के पास 100 फिट रोड पर जाल बिछा कर एक संदिग्ध युवक सरताज मो, सईद 22 को गिरफ्तार कर लिया और उसकी तलाशी लेने पर पुलीस को उस के पास से दो देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद हुआ है ।जिसकी कुल कीमत 52 हजार रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में एफआइआर नंबर 827/2023 में भारतीय शास्त्र अधिनियम की कलम 3,25 व महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की कलम 37 (1) 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच पुलिस कर रही है।

# कोपरगांव कस्बे में तेंदुआ दिखने से दहशत... बचाव अभियान जारी

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के कोपरगांव शहर से एक खौफनाक वीडियो सामने आया है, जिसमें सोमवार रात एक बस स्टैंड पर एक तेंदुआ दिखाई दे रहा है। इस घटना से निवासियों में दहशत फैल गई और उन्होंने जंगली जानवर को रोकने की कोशिश की। एक दर्शक द्वारा लिए गए वीडियो में तेंदुए को कोपरगांव के एक आवासीय इलाके की सड़कों पर घूमते हुए दिखाया गया है। घबराए



निवासी जानवर को पकड़ने के लिए जाल लेकर आए। जैसे ही तेंदुआ रिहायशी इलाके में देखा गया, लोग इस घटना को अपने मोबाइल फोन में कैद करने के लिए इकट्ठा हो गए। ऐसा प्रतीत होता है कि इस हलचल से तेंदुआ परेशान हो गया और वह बाहर निकलने का रास्ता ढूंढने लगा। कुछ लोगों ने जंगली जानवर पर पत्थर भी फेंके।

वन विभाग तुरंत मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुरूआत में तेंदुए को वश में कर लिया गया था, लेकिन शोर-शराबे के कारण दो लोगों ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में वन विभाग का एक अधिकारी बाल-बाल बच गया. घायल लोगों का इलाज चल रहा है. तेंदुआ बस स्टैंड के पास के जंगल में छिपा हुआ पाया गया। वन विभाग ने दो स्थानों पर जाल लगाए और पुलिस ने निवासियों को सावधानी बरतने की चेतावनी जारी की है।

# ऐरोली के गणपति झील के पास मटन की दुकान से अज्ञात व्यक्ति ने 37,000 का कीमती सामान चुराया... केस दर्ज




**नवी मुंबई:** ऐरोली के गणपति झील के पास एक अज्ञात चोर ने एक मटन विक्रेता की दुकान का शटर तोड़ दिया और 37,000 रुपये चुरा लिए। मोहम्मद सिराज अंसारी की शिकायत के बाद रबाले पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, दुकान से नकदी के अलावा मोबाइल फोन और आभूषण भी चोरी हुए हैं। चोरी रात में उस वक्त की गयी जब दुकान बंद थी. पुलिस को संदेह है कि दुकान को जानने वाले किसी व्यक्ति ने वारदात का प्रयास किया होगा।




# ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट के दौरान 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश

## 300 से अधिक एमओयू पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद...

**मुंबई:** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तीसरा वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन आज मुंबई में शुरू होने जा रहा है और इसमें 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 300 से अधिक एमओयू की उम्मीद है। शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है।एएनआई से बात करते हुए सोनोवाल ने कहा कि यह ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 का तीसरा संस्करण है, इससे पहले 2016 और 2021 में भी इसका आयोजन किया गया था। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ना शुरू कर चुका है। विकास की राह पर. पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूत करने के लिए सक्षम नेतृत्व ने जो शक्ति,



साहस और मार्गदर्शन दिया है, उससे आज भारत जाग उठा है।

''ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट के माध्यम से, भारत निश्चित रूप से आने वाले समय में एक अग्रणी समुद्री राष्ट्र बनने जा रहा है और पिछले 9.5 वर्षों में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में जो प्रगति हुई है, वह विकास के तहत संभव हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''पीएम मोदी का मार्गदर्शन।'' केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने आगे कहा कि कुल मिलाकर, 50 से अधिक देश भाग लेने जा रहे हैं और हमारी उम्मीद है कि लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा और 300 से अधिक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग क्षेत्र, यह निश्चित है कि भारत आने वाले दिनों में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा।'' उन्होंने कहा, ''भारत सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री इस 3 दिवसीय शिखर सम्मेलन में विभिन्न चर्चाओं में भाग लेंगे और विभिन्न देशों की प्रमुख समुद्री कंपनियों के वैश्विक सीईओ भी भाग लेंगे।''मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत कुछ ही समय में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और इस दिशा को आगे बढ़ाने के लिए हमारा तीन दिवसीय ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया शिखर सम्मेलन आज से शुरू हो रहा है। मुंबई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पीएम मोदी करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय समुद्री भारत शिखर सम्मेलन 2023 का तीसरा संस्करण पैमाने और भागीदारी के मामले में 2016 और 2021 में आयोजित पिछले दो शिखर सम्मेलनों की तुलना में बहुत बड़ा और अधिक समावेशी होगा। मंत्रालय का सबसे बड़ा समुद्री कार्यक्रम 17 से 19 अक्टूबर तक एमएमआरडीए ग्राउंड, बीकेसी, मुंबई में निर्धारित है।

# प्रशासन की अनदेखी के चलते बिलख रहे हैं मनपा अस्पताल

**मुंबई :** प्रशासन की अनदेखी के चलते मनपा अस्पताल बिलख रहे हैं और इस दुर्दशा के शिकार मरीज हो रहे हैं। इसके बाद शिव आरोग्य सेना प्रमुख ने चिकित्सा अधिकारी के समक्ष अस्पतालों की समस्याओं की पोटली खोल दी है। साथ ही इन दिक्कतों को तुरंत सुलझाने का अनुरोध भी किया है।

बीते कुछ दिनों से शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष की शिव आरोग्य सेना ने मुंबई के केईएम, सायन, नायर, कूपर, राजावाड़ी अस्पताल, संत मुक्ताबाई अस्पताल, गोवंडी के शताब्दी अस्पताल, कुर्ला के भाभा अस्पताल और देवनार प्रसूति अस्पताल समेत विभिन्न अस्पतालों का दौरा किया और वहां के डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों की समस्याओं के साथ ही मौजूद खामियों को जाना। इस दौरान पाया गया कि अस्पतालों में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक नहीं था। डॉक्टरों और नर्सों के साथ ही हेल्थ वर्करों की भारी कमी पाई गई। यह भी देखा गया




कि आवश्यक उपकरणों की कमी के साथ ही एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रा साउंड के लिए भी मरीजों को भारी कसरत करनी पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, दवाएं और उपकरण उपलब्ध कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हालांकि, सरकार की तरफ से अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा जा रहा है। साथ ही इसका बोझ स्वास्थ्य कर्मियों पर डाला जा रहा है। शिव आरोग्य सेना के मुंबई उपनगर (पूर्व) के सह-संयोजक प्रकाश वाणी ने कहा कि कोरोना में अपनी जान की परवाह किए बिना आम लोगों की जान बचाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों और प्रशासनिक तंत्र के साथ शिव आरोग्य सेना मजबूती से खड़ी है।

# एम्बुलेंस में पकड़े गए 25 डॉक्टर, 100 की स्पीड में जा रहे थे गरबा खेलने

**मुंबई :** कोल्हापुर में प्रशिक्षु महिला डॉक्टरों ने गरबा खेलने जाने के लिए एक एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया और सायरन बजते समय वाहनों को टक्कर मार दी। इस समय पूरे देश में नवरात्रि पर्व की धूम मची हुई है और पूरे देश में दरिद्रता का आलम है। कोल्हापुर भी साढ़े तीन शक्तिपीठों में से एक है, इसलिए यहां के नवरात्रि उत्सव की बात ही कुछ और है। युवाओं को गरबा खेलने का विशेष शौक होता है। लेकिन इस प्रलोभन से कोल्हापुर के प्रशिक्षु डॉक्टर सामने आ गए हैं. भावी डॉक्टर लड़कियाँ गरबा खेलने जाने के लिए अस्पताल की एम्बुलेंस का इस्तेमाल करती थीं। सायरन बजाते हुए तेज गति से आ रही इस एंबुलेंस ने जैसे ही 2 दोपहिया वाहनों को टक्कर मारी तो यह गाड़ी रुक गई और यह घटना सामने आई। पता चला है कि यह एंबुलेंस सीपीआर अस्पताल की है. छत्रपति प्रमिलाराज मेडिकल कॉलेज की प्रशिक्षु महिला डॉक्टरों ने गरबा खेलने जाने की योजना बनाई। चूँकि 20 से 25 डॉक्टर युवा महिलाएँ थीं, वे सोच रहे थे कि कैसे आगे बढ़ा जाए। इस पर उन्होंने अजीबोगरीब तरीके से लड़ते हुए गरबा खेलने जाने के लिए एंबुलेंस का इस्तेमाल करने का फैसला किया. ये सभी युवतियां रविवार रात कोल्हापुर



के हॉकी स्टेडियम में आयोजित गरबा कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रही थीं। वहां जल्दी पहुंचने और यातायात बाधित न हो, इसके लिए एंबुलेंस तेज सायरन बजाते हुए सड़क पर निकल पड़ी. एंबुलेंस में करीब 15 से 20 महिला डॉक्टर थीं.

तेज रफ्तार से जाते हुए एंबुलेंस ने सड़क पर दो बाइकों को टक्कर मार दी. इसके बाद एंबुलेंस को रोका गया और जांच की गई तो यह सब पता चला। पहले तो लोगों को लगा कि एंबुलेंस में कोई मरीज है और उसे समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस तेज गति से चल रही है. लेकिन गाड़ियों से टकराने के बाद एंबुलेंस रुक गई. जब दरवाजा खोला गया तो पता चला कि एंबुलेंस में पेंशात नहीं, बल्कि कोल्हापुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर थीं. उनसे पूछताछ की गई. पता चला कि ये सभी लड़कियां हॉकी स्टेडियम में गरबा खेलने जा रही थीं.

# दिलीप वलसे पाटिल ने आरक्षण के मुद्दे पर घूम रही देश की राजनीति के बारे में बताया

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में आरक्षण का मुद्दा काफी गर्म है. मराठा समुदाय के बाद धनगर समुदाय भी काफी आक्रामक हो गया है. इसी पृष्ठभूमि में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के नेता और मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि अगर धनगर समाज को एसटी वर्ग में शामिल किया गया तो उनकी नाराजगी से केंद्र सरकार गिर जायेगी. राज्य में मराठा आरक्षण का मुद्दा काफी गर्म है. मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाणपत्र देकर ओबीसी में शामिल करने की मांग की जा रही है. लेकिन ओबीसी समुदाय ने



इसका कड़ा विरोध किया है. धनगर आरक्षण का मुद्दा भी सामने आया है. इस समुदाय ने एसटी वर्ग में शामिल करने की मांग की है. इसके लिए विधायक गोपीचंद पडलकर ने लोगों को एक साथ लाने का काम शुरू कर दिया है.

**आदिवासियों की नाराजगी पूरी नहीं की जायेगी**

लेकिन धनगर समुदाय की इस मांग का आदिवासी समुदाय ने विरोध किया है. इसी पृष्ठभूमि में राज्य के सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है. उन्होंने एक तरह से सरकार को धनगर समुदाय को एसटी में शामिल नहीं करने की सलाह दी है. केंद्र में आदिवासी समुदाय के सांसदों की संख्या बड़ी है. वलसे पाटिल ने कहा है कि अगर धनगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया गया तो उनकी नाराजगी के कारण दिल्ली में कोई भी सरकार गिर सकती है।

**धनगर जागर यात्रा शुरू**

दिलीप वलसे पाटिल के इस बयान से राजनीतिक गलियारे में धनगर आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा गरमा गई है. वहीं, धनगर आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र में 12 अक्टूबर से धनगर जागर यात्रा शुरू हो गई है. यात्रा मराठवाड़ा के येल्दा से शुरू हुई है. इस यात्रा के तहत मराठवाड़ा, विदर्भ, खानदेश, पश्चिम महाराष्ट्र और कोंकण में भव्य सभाएं की जाएंगी.

# प्याज व्यापारी से 2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में 2 लोगों पर मामला दर्ज

**नवी मुंबई :** एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने नवी मुंबई के एक प्याज व्यापारी को रसोई के प्रमुख प्याज के निर्यात में निवेश पर अच्छे रिटर्न का आश्वासन देकर 2.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीडी बेलापुर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि अच्छे रिटर्न का वादा करके आरोपी ने कथित तौर पर व्यापारी से निर्यात कारोबार में 2.36 करोड़ रुपये का निवेश कराया। पड़ोसी मुंबई



के मुलुंड के एक आरोपी ने बाद में दुबई को 3.20 करोड़ रुपये का प्याज निर्यात किया और कथित तौर पर 'हवाला' (अवैध धन हस्तांतरण प्रणाली) के माध्यम से भुगतान प्राप्त किया। उन्होंने कहा, कमाई में से आरोपी ने व्यापारी को 29 लाख रुपये दिए। व्यापारी ने पुलिस के पास शिकायत लेकर आरोप लगाया कि उसके साथ 2.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है। शिकायत के आधार पर, सोमवार को मुलुंड स्थित आरोपी और यहां मीरा भयंदर इलाके के उसके सहयोगी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने कहा.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com